**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

मुख्य समाचार''

- बिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू–दो दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन में विकासशील और उभरती हुई अर्थ व्यवस्था वाले 11 देश होंगे शामिल।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवा पीढ़ी को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक ज्ञान से अवगत कराने की आवश्यकता पर दिया बल।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–स्थानांतरण नीति और कार्यकाल तय किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव नहीं।
- ऊना जिला के किसानों की आय बढ़ाने में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में छाए बादल–मौसम विभाग ने 17 सितंबर तक राज्य के कुछ स्थानों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

**ब्रिक्स शिखर**

18वां ब्रिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। दो दिनों तक चलने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में विकासशील और उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले 11 देश शामिल होंगे, जिसमें ब्राज़ील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, भारत, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन के दौरान, ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जैसे वैश्विक शासन व्यवस्था, बहुपक्षवाद, व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आपदा से निपटने की क्षमता और ज़रूरी आपूर्ति श्रृंखला। ब्रिक्स सम्मेलन 2026 भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इसका थीम है "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण।"
इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में दुनिया के कई बड़े नेता भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अबदुल फताह अस्सीसी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन शामिल होंगे। सम्मेलन की शुरुआत ब्रिक्स सदस्य देशों के लिए "समावेशी वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षवाद को मज़बूत करना" विषय पर सत्र से होगी। ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता भारत मंडपम में 'भारत इनोवेट्स' प्रदर्शनी का भी दौरा करेंगे। इसके बाद सभी सदस्य देश सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेज़बानी में रात्रि भोज में शामिल होंगे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवा पीढ़ी को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक ज्ञान से अवगत कराने की आवश्यकता पर बल दिया है । राज्यपाल ने कल नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री पेजावर मठ के दौरे के दौरान ये बात कही। राज्यपाल ने कहा ये मठ भारत की आध्यात्मिक विरासत और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मठों द्वारा सामाजिक समरसता और सार्वभौमिक भाईचारे को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की । उन्होंने सामाजिक सेवा, शिक्षा, आध्यात्मिकता और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में इन संस्थानों के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में तकनीकी और सामाजिक बदलाव समाज को निरंतर प्रभावित कर रहे हैं, ऐसे में युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलसी बनाना और उनका निश्चित कार्यकाल तय करना बेहद जरूरी है। शिमला में एक बयान में उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षक कार्यकाल तय नहीं होगा तब तक शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं लाए जा सकते। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षकों की मैरिट आधार नियुक्ति के साथ उनकी तैनाती के साथ तबादलों में पारदर्शिता

जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में शिक्षक छात्र अनुपात देश में बेहतर है औसतन 10 छात्रों में एक शिक्षक है जबकि लाहौल स्पीति यह अनुपात तीन अनुपात एक है। उन्होंने कहा कि अब स्कूलों और कॉलेजों को समय की जरूरत और रोजगार की मांग के अनुसार तैयार करना होगा।

*शिक्षकों की मेरिट आधारित नियुक्ति के साथ–साथ उनकी तैनाती और तबादलों में भी पारदर्शिता जरूरी है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि योग्य शिक्षक लंबे समय तक एक स्थान पर सेवाएं दें, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।हर साल नई भर्ती से विभाग में नया और योग्य मानव संसाधन आएगा। पिछले 15 वर्षों में सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में लगभग 4 लाख की कमी आई है। इसका एक कारण समय के अनुसार शिक्षा व्यवस्था में बदलाव न होना भी है। अब स्कूलों और कॉलेजों को लोगों की बदलती जरूरतों और रोजगार की मांग के अनुसार तैयार करना होगा।*

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य न्यायिक सेवा के जिला व अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कैडर में बड़ा फेरबदल किया गया है। कल जारी आदेशों के तहत 15 वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के स्थानान्तरण और पदस्थापन किए गए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल किन्नौर जिले के छितकुल में विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इनमें तीन करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से बनने वाले ईको पार्क व दो करोड़ बारह लाख रुपये की लागत से रिमसरंग से रानी कंडा तक किए जाने वाले वन्यजीव सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास प्रमुख रूप से शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि छितकुल में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए भविष्य में राफ्टिंग शुरू करने और उच्च स्तरीय राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

## कृषि सिंचाई योजना

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, ऊना ज़िला के किसानों की आय बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । जुलाई 2015 में शुरू की गई इस केन्द्र प्रायोजित योजना का उद्देश्य कृषि में पानी के उपयोग की दक्षता को बढ़ाना, सिंचाई कवरेज का विस्तार करना और भूजल की बचत करना है। योजना के तहत ऊना ज़िला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के 28 गांवों में किसानों के लिए 75 करोड़ की लागत से स्वां नदी के किनारे 9 ट्यूबवेलों का निर्माण किया जा रहा है। अधिक व्यौरे के साथ हमारे उना जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट...............................

***प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, ऊना ज़िला के किसानों की आय बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । जुलाई 2015 में शुरू की गई इस केन्द्र प्रायोजित योजना का उद्देश्य कृषि में पानी के उपयोग की दक्षता को बढ़ाना, सिंचाई कवरेज का विस्तार करना और भूजल की बचत करना है, जबकि इसका लक्ष्य श्हर खेत को पानीश और श्प्रति बूंद अधिक फसलश है । ऊना ज़िला के हरोली बीत क्षेत्र के खेत, कभी पानी के लिए तरसते थे, लेकिन आज यहाँ प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से बड़े पैमाने पर सिंचाई क्षेत्र में कार्य हो रहा है।***

## सड़क–सुधारीकरण

सीमा सड़क संगठन द्वारा तांदी–किलाड–संसारी–तिंदी मार्ग पर कल से सड़क सुधारीकरण के लिए नियंत्रित ब्लास्टिंग का कार्य शुरू किया जा रहा है। जनसुरक्षा के मद्देनजर, तिंदी से कडू–नाला तक का मार्ग प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से अगले दिन दोपहर 2 बजे तक यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। ब्लास्टिंग के बाद सुरक्षा जांच और मलबा हटाए जाने पर ही बुधवार और शनिवार दोपहर 2 बजे के बाद वाहनों को जाने की अनुमति मिलेगी। प्रशासन ने यात्रियों और चालकों से इस शेड्यूल को ध्यान में रखकर ही अपनी यात्रा की योजना बनाने की अपील की है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। बीती रात राजधानी शिमला सहित अन्य स्थानों में रूक–रूक बारिश हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन के अनुसार प्रदेश में अभी भी 60 सड़कें यातायात के लिए प्रभावित है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार 17 सितंबर तक प्रदेश के कुछ स्थानों में बारिश का पूर्वानुमान है।

## अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी लिखता है–**मंत्रिमंडल का विस्तार टला, सी.एम. सुक्खू की रिपोर्ट पर निर्णय लेगा हाईकमान**। अमर उजाला की सुर्खी है–**आयकर अधिकारी पर पांच लाख की रिश्वत मांगने का आरोप–सीबीआई ने शिमला में दर्ज की प्राथमिकी, गिरफ्तारी के लिए ठिकानों पर दबिश**। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**हिमाचल में बदले 15 जज**। दैनिक जागरण ने हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है–**शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के 2 सौ 30 बैकलाग पद जॉब ट्रेनी से भरने पर अंतरिम रोक**।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- बिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू–दो दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन में विकासशील और उभरती हुई अर्थ व्यवस्था वाले 11 देश होंगे शामिल।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवा पीढ़ी को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक ज्ञान से अवगत कराने की आवश्यकता पर दिया बल।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–स्थानांतरण नीति और कार्यकाल तय किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव नहीं।
- ऊना जिला के किसानों की आय बढ़ाने में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में छाए बादल–मौसम विभाग ने 17 सितंबर तक राज्य के कुछ स्थानों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

———————————